प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 08.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंत्योदय की भावना से प्रेरित गरीबों का कल्याण पिछले बारह वर्षों से सरकार की नीतियों का आधार रहा है।

2– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में रक्षा अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के भोजराम साहू को शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

3– प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय कल से राष्ट्रव्यापी समारोह की शुरुआत करेगा।

और

4– धमतरी पुलिस ने करीब ढाई करोड़ रुपये के चार सौ अस्सी किलो गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>प्रधानमंत्री–सरकार 12 वर्ष</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के हित में सरकार की बारह वर्ष की विकास यात्रा को रेखांकित किया है। श्री मोदी ने आज कहा कि इस दौरान देश कई बदलावों का साक्षी बना तथा गरीब कल्याण और वंचित वर्ग इन बदलावों के केंद्र बिंदु में रहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण यात्रा व्यक्ति के सशक्तिकरण और 'विकसित भारत' का स्वप्न साकार करने का सामूहिक अभियान बन गया है।

***गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प, सबका साथ सबका विकास का मंत्र, गरीब कल्याण, गरीब की सेवा, उसके जीवन में बेहतरी, देश का विकास देश के संसाधन आखिरी व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव पहुंचे यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही। आज हर जरूरतमंद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के कारण खाने की चिंता से मुक्त है।***

**शौर्य चक्र–सम्मान**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में रक्षा अलंकरण समारोह में जवानों को वीरता पुरस्कार प्रदान किए। इनमें छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के डोरीठेमा गांव के रहने वाले भोजराम साहू भी शामिल हैं। भोजराम साहू असम रायफल्स में रायफल मैन के पद पर हैं। उन्होंने मणिपुर में आतंकियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में अद्भूत वीरता का प्रदर्शन किया था। राष्ट्रपति ने आज उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया।

**सुरक्षित मातृत्व अभियान**

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय कल नौ जून से राष्ट्रव्यापी समारोह की शुरुआत करेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जागरूकता और जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को अभियान के अंतर्गत उपलब्ध निःशुल्क सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ जून दो हजार सोलह को इस अभियान का शुभारंभ किया था। इसके तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

## नीट–यूजी

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने इक्कीस जून को आयोजित होने वाली नीट–यूजी पुनर्परीक्षा के लिए परीक्षा शहरों की सूचना जारी कर दी है। पंजीकृत उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन करके अपने परीक्षा शहर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## आकाशवाणी–90 वर्ष

देश का विश्वसनीय लोक प्रसारक आकाशवाणी आज अपने नब्बे वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है। वर्ष उन्नीस सौ छत्तीस को आज ही के दिन इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्ट सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया था।

वर्ष उन्नीस सौ छप्पन में ऑल इंडिया रेडियो का नाम बदलकर आकाशवाणी कर दिया गया। आकाशवाणी आज पांच सौ इंक्यानवे रेडियो स्टेशनों का संचालन करता है। आकाशवाणी का प्रसारण तेईस भाषाओं और एक सौ छियालीस बोलियों में किया जाता है। आकाशवाणी का ध्येय वाक्य है– **बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय।**

## हाथी संरक्षण–प्रशिक्षण

हाथियों की मृत्यु के कारणों की वैज्ञानिक जांच, वन्यजीव अपराधों की पहचान तथा संरक्षण संबंधी प्रयासों पर रायगढ़ में दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के अठहत्तर वन अधिकारियों और पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। शिविर में विशेषज्ञों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में लगभग चार सौ पचास हाथी विचरण कर रहे हैं।

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक अनुसंधान और क्षमता निर्माण के माध्यम से हाथियों सहित सभी वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा मानव–वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इस मौके पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण कुमार पाण्डेय भी मौजूद थे।

**गांजा तस्कर–गिरफ्तार**

धमतरी पुलिस ने चार सौ अस्सी किलो गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत दो करोड़ पैंतालीस लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर बस्तर से रायपुर आ रही एक कार और पिकअप वाहन की जांच की गई। इस दौरान इन वाहनों में भारी मात्रा में बोरियों में ले जाया जा रहा गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी गांजे को रायपुर और उत्तरप्रदेश में खपाने की फिराक में थे।

**हाथी हमला–मौत**

मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में हाथी के हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के अंतर्गत देवसील गांव में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। बीती रात श्रमिक काम खत्म करने के बाद आराम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक हाथी ने श्रमिकों पर हमला कर दिया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। वहीं, एक अन्य गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है।

## अभिलेखागार सप्ताह

अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह के अवसर पर रायपुर में आज से विशेष प्रदर्शनी और व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय की आर्ट गैलरी में इस विशेष प्रदर्शनी में ऐतिहासिक दस्तावेजों और अभिलेखों के छायाचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। वहीं, नौ जून को अभिलेखों के संरक्षण और उनके महत्व पर विशेष व्याख्यान आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रदर्शनी बारह जून तक चलेगी।

## आकार

संस्कृति विभाग द्वारा सरगुजा संभाग के उदयपुर और लखनपुर में आज से "आकार–दो हजार छब्बीस" पारंपरिक शिल्प और कला प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। चौदह जून तक चलने वाले इस शिविर में युवाओं को चौदह पारंपरिक कला विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसका उद्देश्य लोक कलाओं और पारंपरिक शिल्प के संरक्षण के साथ नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। प्रशिक्षण अनुभवी कलाकारों और कला गुरुओं द्वारा प्रदान किया जाएगा।

## हेमचंद यादव विवि–शोध पीठ

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत् डॉक्टर अंबेडकर फाउंडेशन ने दुर्ग स्थित हेमचंद यादव विष्वविद्यालय में डॉक्टर अंबेडकर चेयर – शोध–पीठ की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। डॉक्टर अंबेडकर चेयर की स्थापना से विश्वविद्यालय में शोध–प्रकाशन, राष्ट्रीय संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, जन–जागरूकता कार्यक्रम, क्षेत्राधारित अनुसंधान और पी.एच.डी. कार्यक्रमों को नई दिशा मिलेगी।

**केनोईंग प्रतियोगिता**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर में छत्तीसवीं राष्ट्रीय सब जूनियर और जूनियर कायाकिंग–केनोईंग प्रतियोगिता के मस्कट 'पहाड़ी मैना' का विमोचन किया। यह प्रतियोगिता बारह से चौदह जून तक नवा रायपुर के सेंध लेक में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह आयोजन खिलाड़ियों को नई प्रेरणा देगा और प्रदेश की खेल पहचान को और मजबूत बनाएगा।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल...**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर आंधी के साथ बारिश होने की चेतावनी दी है। इस दौरान करीब पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं, कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिर सकती है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून के अगले तीन से चार दिनों में छत्तीसगढ़ में दस्तक देने की संभावना है। इसके बाद आगामी बारह जून से प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने के आसार हैं।

इस बीच, आज राजधानी रायपुर सहित कुछ जिलों में आज दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

**<u>और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक कल नौ जून को सुबह ग्यारह बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय में होगी।

– उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान आज सुकमा में अमृत मिशन के अंतर्गत बनाए जा रहे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही शबरी नदी पर निर्माणाधीन इंटेक–वेल के कार्यों को भी देखा।

– दुर्ग पुलिस ने जामुल थाना क्षेत्र से एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से दस लाख रूपए का मादक पदार्थ बरामद किया है।

और

– राजनांदगांव जिले के ईरा गांव में एक नाबालिग बालिका के स्वास्थ्य परीक्षण में गंभीर लापरवाही बरते जाने के आरोप में राज्य शासन ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एन.के. टंडन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>